चतरा जिला में सक्रिय ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क को बड़ा झटका : 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल जब्त

■ **एसडीपीओ के नेतृत्व में भेलवारा मोड़ पर हुई कार्रवाई, गिरफ्तार युवक पर पहले से दर्ज हैं कई गंभीर आपराधिक मामले**

चतरा (आवाज)। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के भेलवारा मोड़ के पास पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को करीब 10 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव निवासी सुरेंद्र कुमार पासवान (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिसिया जांच में गिरफ्तार युवक का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नागर गोजे शुभम भाऊ साहेब के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने भेलवारा मोड़ के समीप घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा। पुलिस को देखते ही युवक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से लगभग 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल और ओप्पो कंपनी का एक स्मार्टफोन भी जब्त किया गया है। पुलिस का मानना है कि आरोपी मोबाइल फोन के जरिए ग्राहकों और गिरोह के अन्य सदस्यों के संपर्क में रहता था तथा इसी माध्यम से नशे के कारोबार का संचालन करता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी सुरेंद्र पासवान के खिलाफ गिद्धौर थाना में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल हैं। कांड संख्या 99/2020 में धारा 307 समेत अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है, जबकि कांड संख्या 114/2020 भी अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। इस मामले में पत्थलगड्डा थाना में कांड संख्या 26/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सहयोगियों की तलाश में जुटी हुई है।

छापेमारी दल में पत्थलगड्डा थाना प्रभारी पुअनि. राकेश कुमार, सअनि. प्रदीप कुमार सिंह एवं थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की छात्रा माही राज ने इंटर साइंस में लहराया परचम

435 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, परिवार और विद्यालय में खुशी की लहर

भुरकुंडा (आवाज)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट विज्ञान परीक्षा 2026 में उसुर्लाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा माही राज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 435 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है। माही राज ने विज्ञान संकाय में बेहतरीन अंक अर्जित कर अपने माता-पिता, परिजन एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। माही राज ने अंग्रेजी में 85, भौतिकी में 87, रसायन विज्ञान में 87, जीव विज्ञान में 90 तथा सीएमएस में 86 अंक प्राप्त किए। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। माही राज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इधर भुरकुंडा जवाहर नगर निवासी माही राज के मामा प्रमोद पासवान और संतोष पासवान ने अपनी भांजी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए अपने परिजनों एवं दोस्तों को मुंह मीठा कराया। साथ ही माही के उज्जवल भविष्य की कामना की। माही की सफलता पर माता पूनम देवी, पिता राजन कुमार, बहन, नानी एवं परिजनो सहित शशि अग्रवाल, राणा भट्टाचार्य, राजू सिंह, कमलेश मेहता आदि ने हर्ष व्यक्त करते उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भुरकुंडा परियोजना की बंद पड़ी 3 नंबर क्वायरी में फिर गूंजी मशीनों की आवाज

भुरकुंडा परियोजना में आउटसोर्सिंग से शुरू हुआ कोयला उत्पादन, चार वर्षों में 40 लाख टन निकासी का है लक्ष्य

भुरकुंडा (आवाज)। बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा परियोजना की वर्षों से बंद पड़ी 3 नंबर क्वायरी माइंस में गुरुवार को एक बार फिर मशीनों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। आउटसोर्सिंग के माध्यम से यहां कोयला उत्पादन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। परियोजना शुरू होने से क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उत्पादन कार्य शुरू होने से पहले आउटसोर्सिंग कार्य कर रही बीएलए प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा माइंस क्षेत्र में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद बीएलए कंपनी के जीएम टीके राव एवं भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने नारियल फोड़कर जयकारे के साथ माइनिंग कार्य की शुरूआत की। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के तहत अगले चार वर्षों में लगभग 40 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं ए परियोजना के शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, साथ ही क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। मौके पर सेल्स मैनेजर अविनाश चंद्र, खान प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार सिंह, ईएंडएम विभाग के राकेश कुमार एवं अभिनव कुमार, सर्वे अधिकारी देव गुप्ता, यूनियन सेफ्टी अधिकारी विकास कुमार, बीएमएस के महामंत्री शशि भूषण सिंह, सीएमयू के सचिव पप्पू सिंह, नरेश मंडल, बैजनाथ कुमार, रामदेव कुमार, एसएम राजकुमार, मनोज राम, सुरेश सहित कई अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

केरेडारी के उग्रवाद प्रभावित गांव से निकल मेहक ने रचा इतिहास, इंटर आर्ट्स में राज्य में लाई चौथा स्थान

केरेडारी (आवाज)। हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत बुंडू पंचायत की बेटी मेहक साहू ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर आर्ट्स वार्षिक परीक्षा 2026 में राज्य स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुदूर ग्रामीण परिवेश से निकलकर मेहक ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। मेहक साहू ने परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वह रांची स्थित संत जेवियर इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। उन्होंने अपने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ राज्यभर में चौथा स्थान हासिल कर बुंडू गांव, केरेडारी प्रखंड और हजारीबाग जिले को गौरवान्वित किया है।मेहक के पिता राजू कुमार साव गांव में रहकर व्यवसाय करते हैं, जबकि माता संगीता देवी गृहिणी हैं। मेहक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव बुंडू से प्राप्त की थी। विषयवार प्राप्तांक की बात करें तो मेहक ने अंग्रेजी में 97, हिंदी में 90, राजनीति शास्त्र में 85, अर्थशास्त्र में 99 अंक प्राप्त किए। वहीं भूगोल में 70 तथा प्रायोगिक परीक्षा में 30 अंक हासिल कर कुल 100 अंक प्राप्त किए हैं।मेहक की इस ऐतिहासिक सफलता के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजन, रिश्तेदार, शिक्षक और गांव के लोग उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।माता-पिता अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।गौरतलब है कि कभी बुंडू गांव को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, लेकिन आज उसी गांव की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रही हैं। मेहक साहू की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियां भी प्रतिभा और मेहनत के आगे छोटी पड़ जाती हैं। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, शिविर कार्यालय, पाकुड़

आम सूचना

PMFME योजना के विषय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन हेतु

एतद् द्वारा पाकुड़ जिलेन्तर्गत आमजनों/उद्यमियों को सूचित किया जाता है कि उद्योग विभागान्तर्गत प्रबंध निदेशक, जिडको, रांची, झारखंड के निदेशानुसार MSMEs उद्यमियों/ईकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से PMFME योजना विषय पर पाकुड़ जिला के जिला उद्योग केन्द्र, शिविर कार्यालय, पाकुड़ अन्तर्गत कार्यालय सभागार/कार्यालय कैम्पस दिनांक 14.05.2026 को एक दिवसीय जागरूकता शिविर/कैम्प का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में जिलेन्तर्गत उद्यमियों/ईकाईयों को PMFME योजना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजित किया जाएगा।

अतः जिले के सभी उद्यमीयों/व्यवसायीयों से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित तिथि एवं समय को आयोजित उक्त कैम्प/जागरूकता शिविर में PMFME योजना से संबंधित विशय पर कार्यशाला में भाग लेने की कृपा करें।

आदेशानुसार
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र, पाकुड़

PR 379216 Industries (26-27)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/M.I.D.D.D.C/DEOGHAR/B.D./S.L.I-01/2026-27, Dated :- 24/04/26** – जिसका Pr.No. 378394 Water Resource (26-27)_D, द्वारा दिनांक 25.04.2026 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न परिवर्तन किया जाता है:–

e-Pro Notice क्रमांक	पूर्व में	संशोधित तिथि
7. Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in)	Date: 29.04.2026, 11:00 A.M.	Date: 08.05.2026, 11:00 A.M.
8. Last Date/ Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website	Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
9. Submission of Tender Fee and EMD	Start Date: 29.04.2026, 11:00 A.M. Last Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Start Date: 08.05.2026, 11:00 A.M. Last Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
10. Technical Bid Opening Date	Date: 15.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 22.05.2026, 05:00 P.M.

शेष सभी सूचनाएँ पूर्ववत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

PR 379211 Water Resource(26-27)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंवाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/M.I.D.D.D.C/DEOGHAR/B.D./S.L.I-04/2026-27, Dated :- 24/04/26** – जिसका Pr.No. 378365 Water Resource (26-27)_D, द्वारा दिनांक 25.04.2026 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न परिवर्तन किया जाता है:–

e-Pro Notice क्रमांक	पूर्व में	संशोधित तिथि
7. Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in)	Date: 29.04.2026, 11:00 A.M.	Date: 08.05.2026, 11:00 A.M.
8. Last Date/ Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website	Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
9. Submission of Tender Fee and EMD	Start Date: 29.04.2026, 11:00 A.M. Last Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Start Date: 08.05.2026, 11:00 A.M. Last Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
10. Technical Bid Opening Date	Date: 15.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 22.05.2026, 05:00 P.M.

शेष सभी सूचनाएँ पूर्ववत् रहेगी।

ह0/– कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

PR.NO.379217 Water Resource(26-27):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंवाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/M.I.D.D.D.C/DEOGHAR/B.D./S.L.I-03/2026-27, Dated :- 24/04/26** – जिसका Pr.No. 378374 Water Resource (26-27)_D, द्वारा दिनांक 25.04.2026 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न परिवर्तन किया जाता है:–

e-Pro Notice क्रमांक	पूर्व में	संशोधित तिथि
7. Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in)	Date: 29.04.2026, 11:00 A.M.	Date: 08.05.2026, 11:00 A.M.
8. Last Date/ Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website	Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
9. Submission of Tender Fee and EMD	Start Date: 29.04.2026, 11:00 A.M. Last Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Start Date: 08.05.2026, 11:00 A.M. Last Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
10. Technical Bid Opening Date	Date: 15.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 22.05.2026, 05:00 P.M.

शेष सभी सूचनाएँ पूर्ववत् रहेगी।

ह0/– कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

PR.NO.379215 Water Resource(26-27):D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, पाकुड़

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aaba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan -DAJGUA)" योजना हेतु वित्तीय वर्ष– 2026–27 के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा **"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA)" योजना** वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारंभ की गई है। इसमें केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिसरण के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजाति क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गई है। **इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों को अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।** इस योजना के तहत् जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resource (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में भारत सरकार का **अनुदान** कुल इकाई लागत का 90% (केन्द्रांश 60% राज्यांश 40%) तथा शेष 10% लाभुक का अंशदान है। जिले की अधिकाधिक जनजाति आबादी को **DAJGUA** के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से **पाकुड़ जिला अंतर्गत 400 गाँवों** को केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है।

अतएव उपरोक्त के आलोक में **पाकुड़ जिला अंतर्गत चिन्हित 400 जनजातीय ग्रामों में** प्रस्तावित योजना के अधीन जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक जनजातिय व्यक्तियों के लिए योजना के मुख्य उद्देश्य उनके सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा एवं उन्नति के उद्देश्य से **वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए** जनजातीय आवेदकों को आवेदित योजना का 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान शेष 10 प्रतिशत राशि स्वयं लाभुक को वहन किए जाने का प्रावधान है। जिला स्तरीय समिति द्वारा पारित लाभुक जनित निम्नलिखित योजनाओं में आर्थिक सक्षमता के आधार पर संचालन एवं लाभ प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में कार्यालय कार्य अवधि में आवेदन आमंत्रित किए जायेंगे।

आवेदन प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

आवेदन के साथ आवेदित योजना का डी0पी0आर0, बैंक खाता की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति अपना अंशदान लगाने से संबंधित शपथ पत्र जाति प्रमाण पत्र अन्य योजना से लाभ प्राप्त करने का शपथ पत्र एवं निर्माण व अधिष्ठापन योग्य आवेदित योजना हेतु अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ उपरोक्त सभी दस्तावेज नहीं रहने के कारण आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

क्र0	योजना की राशि	ईकाई	ईकाई लागत (लाख में)	सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (लाख रू0 में) अनु जन जाति मात्र (90%)	स्वय लागत (10%)
1	2	3	4	5	6
1	कार्प हैचरी अधिष्ठापन	(सं0)	25.00	22.50	2.50
2	नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब)	(हे0)	7.00	6.30	0.70
3	नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण	(हे0)	7.00	6.30	0.70
4	मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में)	(हे0)	4.00	3.60	0.40
5	बायोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित)	0.1हे0	14.00	12.60	1.40
6	बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलीयों की रियरिंग ईकाई	(सं0)	3.00	2.70	0.30
7	मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलीयों की रियरिंग ईकाई	(सं0)	8.00	7.20	0.80
8	मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/वार्षिक मछली उत्पादन की क्षमता)	(सं0)	25.00	22.50	2.50
9	छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक)	(सं0)	7.50	6.75	0.75
10	बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना	(सं0)	0.50	0.45	0.05
11	04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 ऊँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना	(सं0)	25.00	22.50	2.50
12	04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना	(सं0)	7.50	6.75	0.75
13	जलाशयों में केज अधिष्ठापन	(सं0)	3.00	2.70	0.30
14	आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन	(हे0)	3.00	2.70	0.30
15	कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण	(सं0)	40.00	36.00	4.00
16	रेफ्रिजेरेटेड वाहन (6-10 mt Capacity)	(सं0)	25.00	22.50	2.50
17	इनसुलेटेड वाहन (6-10 mt Capacity)	(सं0)	20.00	18.00	2.00
18	आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल	(सं0)	0.75	0.675	0.075
19	आईस बॉक्स के साथ साईकिल	(सं0)	0.10	0.09	0.01
20	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.30
21	जिंदा मछली बिक्री केन्द्र	[illegible]	[illegible]	18.00	2.00
22	लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) [illegible]	(सं0)	[illegible]	27.00	3.00
23	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
24	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	0.50
25	[illegible]	[illegible]	0.20	0.18	0.02

आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने का अंतिम तिथि :– 21/05/2026 तक।
आवेदन प्रपत्र जमा करने का अंतिम तिथि :– 26/05/2026 तक।
आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय[illegible]।
विस्तृत जानकारी के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, पाकुड़ के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,पाकुड़

PR 379189 Fish(26-27).D

साहेबगंज समाहरणालय
(जिला आपदा शाखा)
(संचिका सं0–XXX-02/2023-26)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 01

वर्ष 2026 में आसन्न बाढ़ की संभावना को देखते हुए अल्प समय में बाढ़ प्रभावित आबादी को राहत पहुँचाने हेतु विभिन्न प्रकार के सामग्रियों की आवश्यकता पड़ेगी। अतः सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु इच्छुक निबंधित आपूर्तिकर्त्ता/फार्म से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की प्रक्रिया, शर्तें आदि की विवरणी नीचे दी गयी है।

निविदा के समय सारणी की विवरणी :–
- निविदा डालने की प्रारंभिक तिथि एवं समय :– 06/05/2026, 11:00 AM
- निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय :– 20/05/2026, 01:00 PM
- प्रिबीड मिटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– 13/05/2026, 01:00 PM, (साहेबगंज समाहरणालय, सभागार में।)
- निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 20/05/2026, 03:00 PM, (साहेबगंज समाहरणालय, सभागार में।)

निविदा संबंधी शर्तें एवं आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री की विस्तृत जानकारी https://sahibganj.nic.in/notice_category/tenders/ पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, साहेबगंज।

PR 379190 (Sahabganj) 26-27 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र–1)

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा सुचना सं0–**05/2026-27** PR.No.- 379076 DRINKING WATER & SANITATION (26-27)D में द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा सूचना संख्या – **05/2026-27** के स्थान पर निविदा सूचना संख्या– **04/2026-27** तथा क्रमांक 07 में अंकित मद UNTIED के स्थान पर DMFT पढ़ा जाय। निविदा में अंकित शेष अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

(रमेश कुमार लोहरा)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, दुमका

PR.NO.379232 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

Office of the Executive Engineer
Irrigation Division, Deoghar
(e-Mail Id- eeirrdd@gmail.com) परिशिष्ट– I

e-Procurement Notice
e-Tender Reference no- WRD/Irr.Div.Deoghar/F2-01/2026-27 dt 06.05.2026

1.	Name of Work	CONSTRUCTION OF H/R CUM C/R WORK AT CH.857 & SLR BRIDGE AT CH.1261 OF PUNASI MAIN CANAL
2.	Estimated Cost	Rs. 1,69,39,153.47 (Rs. One Crore Sixty nine Lakh Thirty nine thousand One hudred Fifty three and paise Forty seven) only/-
3.	Time of Completion	270 Days
4.	Date of Publication of E-Tender on website	Dt.-11.05.2026
5.	Last date/Time for submission of E-Tender BID'S	Dt.-30.05.2026 at 5.00 PM
6.	Last date for online submission of E-Tender fee and EMD	Dt.-30.05.2026
7.	Date of Opening Tender	Dt.-01.06.2026 at 3.00 PM
8.	Name & Address of Office inviting tender	Executive Engineer, Irrigation Division, Deoghar
a.	Contact no of e-Procurement officer	97710-63448
b.	Helpline number of e-Procurement Cell	06432-232477

Note:- (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further Details Can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Irrigation Division, Deoghar

PR 379220 Water Resource (26-27)_D

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the
General Manager, Transmission Zone-VI, Deoghar,Email- gmtz6deoghar@gmail.com

e-Tender Notice

e-tender in two parts i.e. Techno-commercial Part (Part-I) and Financial /Price part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the work as mentioned below:-

e-NIT No.	Name of Work	Cost of B.O.Q (inclusive GST)	Earnest Money
141/PR/JUSNL /2026-27	Annual maintenance work of 132/33 kV Grid Sub- Station, Kundhitfor the period from 01.06.2026 to 31.03.2027 (i.e. 10 months) for F.Y. 2026 -27.	Rs. 5,900.00	Rs. 35,000.00

1.	Tender Document download/ Sale **Start date**	:-	09.05.2026 after 02:00PM.
2.	Tender Document download/ Sale **End date**	:-	29.05.2026 at 03:00 PM.
3.	Bid submission **Start date**	:-	09.05.2026 after 02:15 PM.
4.	Bid submission **End date (Electronically)**	:-	29.05.2026 at 03:15PM.
5.	Bid opening date for technical part (Part- I)	:-	30.05.2026 at 03:15 PM.
6.	Bidopening datefor price part (Part-II)	:-	Will be communicated later on
7.	e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in . Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (7488012827) during office hours.		
8.	The bids will be received through electronic tendering mode only.		
9.	No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.		

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें।
कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone- VI, Deoghar

PR 379251 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27).D

Signature Not Verified
Digitally signed by DEVISHWAR HANSDA
Date: 2026.05.11 10:44:56 IST
Location: Jharkhand-JH